माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांक: परीक्षा ॥ / पात्रता / वेरीफिकेशन / 2011 / 3341 दिनांक: 28.12.2011

–: कार्यालय आदेश :–

बोर्ड द्वारा वर्ष 1971 से 2011 तक के टेबुलेशन रजिस्टर के कम्प्यूटर से स्कैनिंग कराने का कार्य करवाया जाकर प्रथम चरण में वर्ष 2006 से 2011 तक के परीक्षा परिणामों से संबंधित टेबुलेशन रजिस्टर को आम जन की जानकारी हेतु बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। अतः अब केन्द्र / राज्य सरकार , सेना भर्ती कार्यालय के सक्षम नियुक्तिकर्त्ता एवं अन्य सभी एजेन्सीज बोर्ड के वर्ष 2006 से 2011 के परीक्षा परिणामों का स्टेटमेन्ट एवं जन्म तिथि का On Line वेरीफिकेशन कर सकते हैं।

इसके लिये बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in पर परीक्षा का नाम, परीक्षा का वर्ष तथा विद्यार्थी के रोल नम्बर सबमिट करते ही संबंधित विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम का स्टेटमेन्ट कम्प्यूटर पर उपलब्ध हो जावेगा। सैकण्ड्री एवं प्रवेशिका के दस्तावेज में जन्मतिथि भी प्रदर्शित हो जावेगी, जिससे नियुक्तिकर्त्ता अधिकारी द्वारा स्वयं अपने स्तर से ही दस्तावेजों का सत्यापन किया जा सकेगा।

अतः बोर्ड द्वारा वर्ष 2006 से 2011 के दस्तावेजों का सत्यापन कार्य नहीं किया जावेगा।

इसी प्रकार से आगामी 2 माह में वर्ष 2001 से 2005 तक के सैकण्ड्री व प्रवेशिका एवं सी. सैकण्ड्री व वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षाओं के टेबुलेशन रजिस्टर्स का स्टेटमेन्ट भी बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जावेगा। अतः इन वर्षों के दस्तावेज का सत्यापन भी उक्तानुसार स्वयं संस्था द्वारा ही किया जा सकेगा। तद्नुसार 01 फरवरी, 2012 के बाद वर्ष 2001 से 2011 तक के दस्तावेजों का सत्यापन भी स्वयं नियुक्तिकर्त्ता अधिकारी अपने स्तर से ही कर सकेगें। अतः इस तिथि के बाद वर्ष 2001 से 2011 तक की परीक्षाओं के दस्तावेजों का भी बोर्ड द्वारा सत्यापन नहीं किया जावेगा।

सभी संबंधित सूचित हो।

सचिव

क्रमांक: परीक्षा ॥ / पात्रता / वेरीफिकेशन / 2011/3342-495 दिनांक: 28-12-11

प्रतिलिपि – सूचनार्थ निम्नांकित को प्रेषित है:–

1. प्रमुख शासन सचिव, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. समस्त विभागाध्यक्ष .... राजस्थान सरकार, जयपुर
3. जिला कलक्टर समस्त....
4. विशेषाधिकारी (परीक्षा)
5. निदेशक (परीक्षा)
6. उपनिदेशक संभाग– अजमेर, कोटा ,चुरू, बीकानेर, भरतपुर , जोधपुर, उदयपुर
7. उपनिदेशक (परीक्षा प्रथम, द्वितीय)
8. ए.सी.पी., आई.टी.एंड सी सैल मय अतिरिक्त प्रति बोर्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु
9. निजी सचिव माननीय अध्यक्ष महोदय मा.शि.बोर्ड,राजस्थान, अजमेर
10. सहायक निदेशक (परीक्षा प्रथम, द्वितीय)
11. कमाण्डेन्टेट सैनिक भर्ती कार्यालय ....
12. समस्त अनुभाग अधिकारी
13. गार्ड पत्रावली

सचिव